हिसार को मिली 19742.49 लाख रुपए की 93 परियोजनाओं की सौगात

चर्चा में क्यों?

30 मार्च, 2023 को हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता के साथ हिसार ज़िले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों की करोड़ों रुपए की परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया।

प्रमुख बिंदु

- उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने हिसार ज़िले के नलवा विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री की घोषणा के तहत 1552.04 लाख रुपए से बने हिसार-मंगाली-स्याहड़वा फोर लेन मार्ग, 4781.78 लाख रुपए की लागत से बने हिसार-मंगाली-स्याहड़वा आरओबी तथा 2796 लाख रुपए की लागत से बने रेवाड़ी-बठिंडा रेलवे लाइन एलसी-76 पर टू-लेन आरओबी का उद्घाटन किया। इन तीनों परियोजनाओं पर 9129.82 लाख रुपए की धनराशि खर्च की जाएगी।
- उकलाना विधानसभा क्षेत्र में 2622.09 लाख रुपए की धनराशि से बनने वाले 8 सड़क मार्गों का व विधानसभा क्षेत्र बरवाला में 2424.67 लाख रुपए के 10 सड़क मार्गों का शिलान्यास भी किया गया।
- विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के लिये जिन परियाजनाओं के लिये करोड़ों रुपए की धनराशि खर्च की जाएगी, उनमें नारनौंद विधानसभा क्षेत्र में 2612.31 लाख रुपए की पाँच परियोजनाएँ, नलवा विधानसभा क्षेत्र में 2510.290 लाख रुपए की 17 परियोजनाएँ व आदमपुर विधानसभा क्षेत्र में 2636.12 लाख रुपए की 22 परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया।
- इन परियोजनाओं के शिलान्यास के अतिरिक्त महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे के लिये आपातकालीन रास्ते तथा पैरीमीटर सड़क के निर्माण तथा परिचालन क्षेत्र में विस्फोटक निपटान क्षेत्र का निर्माण (कूलिंग ऑफ पिट) और आरसीसी सुरक्षा वॉच टॉवर के निर्माण कार्यों पर भी 2627.88 लाख रुपए की धनराशि खर्च की जाएगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/hisar-got-gift-of-93-projects-worth-rs-19742-49-lakh